## संपादकीय

# विकास का डबल ट्रैक


मानसून सत्र से पहले हरियाणा कैबिनेट की बैठक में विकास से जुड़ी तमाम योजनाओं की बौछार हुई। मौजूदा सरकार के आखिरी साल में आसन्न विधानसभा चुनावों से पहली हुई इन घोषणाओं के राजनीतिक निहितार्थ देखे जा सकते हैं। इसके बावजूद बढ़ते जनसंख्या दबाव, यातायात तथा पर्यावरणीय दृष्टि से पलवल से सोनीपत तक बनने वाली डबल रेलवे ट्रैक योजना को अंतिम रूप दिये जाने का स्वागत ही किया जाना चाहिए। इस योजना का सबसे बड़ा लाभ यह होगा कि दक्षिण हरियाणा के लोगों को राज्य की राजधानी चंडीगढ़ जाने के लिये दिल्ली नहीं जाना पड़ेगा। इससे जहां लोगों के पैसे व समय की बचत होगी, वहीं दिल्ली पर वाहनों व प्रदूषण का दबाव कम होगा। दिल्ली व अम्बाला के इस ट्रैक से जुड़ने के बाद राज्य के लोगों की आवाजाही सुविधाजनक हो पायेगी। इस रेल कॉरिडोर पर 5566 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। मार्ग पर 17 रेलवे स्टेशन बनेंगे, जिसमें चौदह नये होंगे। जाहिरा तौर पर इससे रूट के तमाम शहरों व गांवों के लोगों को रेलवे की सुविधा मिल सकेगी। योजना यदि निर्धारित तीन साल में पूरी हो पाये तो यह सरकार की उपलब्धि होगी। सड़कों पर लगातार बढ़ते वाहनों के दबाव तथा प्रदूषण आदि की समस्या को देखते हुए रेल कॉरिडोर का निर्माण दूरदृष्टि का परिचायक है। उम्मीद की जानी चाहिए कि हरियाणा का रेल आधारभूत विकास निगम लिमिटेड योजना को यथाशीघ्र अमलीजामा पहनाने की दिशा में निर्णायक भूमिका निभाएगा। कुंडली-मानेसर-पलवल यानी केएमपी के साथ यह कॉरिडोर निश्चित रूप से हरियाणा के विकास को नये आयाम देगा। यह 130 किलोमीटर लंबी रेलवे लाइन राज्य के विकास की धुरी बन सकती है। कहीं न कहीं रेलवे कॉरिडोर बनने से हरियाणा सरकार की केएमपी एक्सप्रेस-वे पर पांच बड़े हाईटैक शहर बनाने की महत्वाकांक्षी योजना को सिरे चढ़ाने में भी मदद मिलेगी।

खट्टर सरकार की कैबिनेट बैठक में दूसरा महत्वपूर्ण फैसला राई में खेल विश्वविद्यालय को मंजूरी देना है। जिसको अंतिम रूप देने के लिए विधेयक मानसून सत्र में लाया जायेगा। हरियाणा के खिलाड़ी आज तमाम अंतर्राष्ट्रीय खेल स्पर्धाओं में दबदबा बनाये हुए हैं। उसमें निरंतरता और अधिक निखार लाने के नजरिये से यह विश्वविद्यालय फायदेमंद होगा। हरियाणा की अंतर्राष्ट्रीय खेलों में धाक जमाने के नजरिये से भी विश्वविद्यालय मील का पत्थर साबित हो सकता है। यह अच्छी बात है कि राई में पहले से चल रहे मोतीलाल नेहरू स्कूल ऑफ स्पोर्ट्स के परिसर का लाभ विश्वविद्यालय के विचार को शीघ्र मूर्त देने में सहायक होगा। यहां पहले ही संरचनात्मक सुविधाएं व जमीन उपलब्ध है, जिससे खेल विश्वविद्यालय जल्दी ही खेल प्रतिभाओं को संवारने का काम शुरू कर सकेगा। नि:संदेह दूरदराज के खिलाड़ियों को अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धाओं की तैयारी के लिये उच्चस्तरीय प्रशिक्षण व तकनीकी ज्ञान नहीं मिल पाता। ऐसे में भारत का यह तीसरा खेल विश्वविद्यालय उस कमी को पूरा कर सकेगा। अच्छी बात यह भी है कि सरकार ने निर्णय किया है कि किसी नामचीन खिलाड़ी को ही विश्वविद्यालय का कुलपति बनाया जाएगा। जिसका लाभ उदीयमान खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने में मिल सकेगा। दरअसल, खेल तकनीक, खेल मेडिसन, खेल प्रबंधन, खेल संरचनात्मक इंजीनियरिंग, खिलाड़ियों का खानपान, खेल पत्रकारिता तथा खेल मार्केटिंग जैसे विषयों के पाठ्यक्रम विश्वविद्यालय में पढ़ाए जाएंगे जो नि:संदेह नयी पीढ़ी के युवाओं के लिये रोजगार के नये द्वार खोलेंगे, जिसका लाभ देश के पिछड़े इलाके की प्रतिभाओं को संवारने में भी मिल सकेगा। कुल 630 करोड़ की लागत से बनने वाले इस खेल विश्वविद्यालय के जरिये यदि हरियाणा आने वाले वर्षों में खेलों का सिरमौर बन जाये तो आश्चर्य नहीं होगा। इससे परंपरागत और अंतर्राष्ट्रीय खेलों के प्रशिक्षण व अभ्यास की सुविधा एक ही परिसर में उपलब्ध हो सकेगी जो हरियाणा में खेल व रोजगार के नये अवसर मुहैया कराएगा। नि:संदेह इससे राज्य में नयी खेल संस्कृति विकसित होगी जो कालांतर अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धाओं में देश का नाम रोशन करने में मददगार साबित होगी।

# लगातार 11वें साल भी अंबानी ने नहीं बढ़ाई अपनी सैलरी, 15 करोड़ रुपये है वेतन

**नई दिल्ली।** भारत के सबसे अमीर शख्स मुकेश अंबानी ने लगातार 11वें साल भी अपनी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज में अपनी सालाना सैलरी 15 करोड़ रुपये बरकरार रखी है। वहीं 31 मार्च 2019 को खत्म हुए वित्त वर्ष में कंपनी के डायरेक्टर्स की सैलरी भी अच्छी बढ़ोतरी हुई है, जिनमें उनके करीबी रिश्तेदार निखिल और हीतल मेसानी भी शामिल हैं।

आरआईएल ने अपनी सालाना रिपोर्ट में कहा, चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर मुकेश अंबानी की सैलरी 15 करोड़ रुपये निर्धारित की गई है जो कंपनी में प्रबंधकीय स्तर की कॉम्पेंसेशन को संतुलित रखने के विषय में स्वयं एक उदाहरण प्रस्तुत करते रहने की उनकी इच्छा को दर्शाता है।



**कंपनी में कई की है अंबानी से ज्यादा सैलरी**

मुकेश अंबानी के वित्त वर्ष 2018-19 के मानदेय में 4.45 करोड़ रुपये सैलरी एवं भत्ते के रूप में दिए गए। उनकी सैलरी एवं भत्ता 2017-18 में 4.49 करोड़ रुपये रहा था। अंबानी ने खुद से ही अपना मानदेय स्थिर रखने की अक्टूबर 2009 में घोषणा की थी।

निखिल और हीतल दोनों को 2018-19 में 20.57-20.57 करोड़ रुपये का पैकेज दिया गया। एक साल पहले इन दोनों में से प्रत्येक को 19.99 करोड़ रुपये मिले थे। इसी दौरान कंपनी के कार्यकारी निदेशक पी.एम.एस. प्रसाद का मानदेय 8.99 करोड़ रुपये से बढ़कर 10.01 करोड़ रुपये किया गया । इसी तरह कंपनी के रिफाइनरी चीफ पवन कुमार कपिल का मानदेय भी 3.47 करोड़ रुपये से बढ़कर 4.17 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

## इस प्रकार से विश्व कप जीतना उचित नहीं था : मोर्गन

**लंदन (आरएनएस)।** इंग्लैंड के कप्तान इयोन मोर्गन ने माना जिस तरह से विश्व कप-2019 का समापन हुआ वो उचित नहीं था। मेजबान टीम ने बाउंड्री के आधार पर न्यूजीलैंड को मात देकर पहली बार टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया था। फाइनल में निर्धारित 50 ओवर और सुपर ओवर के बाद भी दोनों टीमों का स्कोर बराबर था।

द टाइम्स ने मॉर्गन के हवाले से बताया, मैं नहीं समझता कि दोनों टीमों के बीच बहुत कम अंतर होने के बाद उस तरह से खिताब का फैसला करना उचित था। मैं नहीं समझता कि ऐसा एक पल था कि आप कह सकते हैं कि उसकी वजह से मैच में हार झेलनी पड़ी।

## इंडिगो को पहली तिमाही में 1,203 करोड़ का मुनाफा

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** इंडिगो की मूल कंपनी इंटरग्लोब एविएशन का शुद्ध लाभ 30 जून, 2019 को समाप्त तिमाही में उछलकर 1,203.14 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।



यह किसी एक तिमाही में उसका अब तक का उसका सर्वाधिक लाभ है। यात्रियों से अधिक आय की वजह से कंपनी के मुनाफे में तेजी आई है।कंपनी के प्रवर्तकों में कंपनी संचालन के स्तर पर खामियों को लेकर चल रहे मतभेद के बीच यह तिमाही परिणाम आया।

इंटरग्लोब एविएशन को जेट एयरवेज के परिचालन बंद करने से भी फायदा और माल ढुलाई के मोर्चे पर उसका प्रदर्शन सुधरा है। कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी आर. दत्ता ने कहा कि यह किसी एक तिमाही में अब तक का सर्वाधिक लाभ है।

# निजी इलेक्ट्रिक वाहनों पर नहीं मिलेगी सब्सिडी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** सरकार ने शुक्रवार को कहा कि देश में इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिए दी जाने वाली सब्सिडी सिर्फ व्यावसायिक वाहनों के लिए उपलब्ध होगी। निजी उपयोग के वाहनों को सब्सिडी योजना में शामिल नहीं किया जाएगा। केंद्रीय भारी उद्योग एवं सार्वजनिक उपक्रम राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने एक कार्यक्रम में कहा कि चाहे बाइक हो, कार हो, ट्रक हो, बस हो या ई-रिक्शा हो, सरकार का अनुमान है कि इन सभी श्रेणियों में देश इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाएगा।

उन्होंने कहा कि पेरिस संधि के तहत कार्बन उत्सर्जन कम करने के लिए यह बदलाव आवश्यक है। मेघवाल ने भारत ब्रिटेन मोबिलिटी फोरम 2019 में कहा, सरकार ने वाणिज्यिक वाहन मालिकों के जरिये इलेक्ट्रिक वाहन को बढ़ावा देने की नीयत साफ कर दी है और कहा कि सिर्फ उन्हें ही प्रोत्साहन मिलेगा। दस हजार करोड़ रुपये की फेम योजना के तहत व्यावसायिक इस्तेमाल के तिपहिया और चौपहिया वाहनों पर सब्सिडी दी जाती है। यह सब्सिडी निजी इस्तेमाल के दोपहिया वाहनों पर भी मिलती है।



उन्होंने कहा, 2011 की जनगणना के आधार पर 10 लाख से अधिक की आबादी वाले शहरों में चार्जिंग संरचना विकसित करने के उद्देश्य से प्रस्ताव मंगाए गए हैं। शुरुआत में इसके जरिये एक हजार चार्जिंग स्टेशन तैयार करने का लक्ष्य है। मेघवाल ने कहा, सरकार इलेक्ट्रिक हाइवे भी बनाना चाहती है। हम इस बारे में काम कर रहे हैं। इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने से न सिर्फ वायु प्रदूषण कम होगा बल्कि आयात का खर्च भी कम होगा।

# गरीब रथ को बंद करने का प्लान नहीं: रेलवे बोर्ड

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** रेल मंत्रालय ने शुक्रवार को काठगोदाम-जम्मू और काठगोदाम-कानपुर रेलमार्गों पर गरीब रथ रेलों को मेल या एक्सप्रेस ट्रेन से प्रतिस्थापित करने के फैसले को वापस ले लिया। इसी के साथ कम किराए वाली वातानुकूलित ट्रेन (गरीब रथ) की सेवाएं इन मार्गों पर चार अगस्त से पुनः शुरू हो जायेंगी।

मंत्रालय ने कहा कि उत्तर रेलवे में डिब्बों की कमी के कारण गरीब रथ की साप्ताहिक चलने वाली दो जोड़ी ट्रेनों को अस्थाई तौर पर एक्सप्रेस सेवा के तौर पर चलाया जा रहा है। रेल मंत्रालय ने इन ट्रेनों के हाल ही में संचालन बंद करने के विरोध के बाद ट्वीट में कहा, काठगोदाम और जम्मू तवी के बीच चलने वाली गरीब रथ ट्रेन संख्या 12207/08 और कानपुर और काठगोदाम के बीच चलने वाली गरीब रथ ट्रेन संख्या 12207/10 की सेवाएं चार अगस्त, 2019 से दोबारा प्रभावी हो जायेंगी।




मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि गरीब रथ ट्रेनों को हटाने की कोई योजना नहीं है और ऐसी 26 ट्रेनों का देश में संचालन किया जा रहा है। गरीब रथ रेल की शुरूआत गरीब लोगों को वातानुकूलित रेल की सुविधा देने के लिए तत्कालीन रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव ने 2005 में की थी। पहली गरीब रथ रेल बिहार के सहरसा से पंजाब के अमृतसर के बीच शुरू की गई थी। हालांकि इस ट्रेन के लिए कोचों का निर्माण पहले ही रोका जा चुका है।

# वेस्ट इंडीज दौरे पर नहीं जाएंगे धोनी, ली 2 महीने की छुट्टी

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** संन्यास की खबरों और वेस्टइंडीज दौरे पर जाने की अटकलों के बीच टीम इंडिया के विकेटकीपर महेंद्र सिंह धोनी ने 2 माह की छुट्टी ले ली है। इसी छुट्टी के दौरान धोनी टीम इंडिया की तरफ से क्रिकेट खेल नहीं पाएंगे। इस बारे में धोनी ने बीसीसीआई को सूचित कर भी दिया है। छुट्टी के दौरान धोनी पैरा सैन्य रेजिमेंट में शामिल हो रहे हैं।




धोनी के इस टूर से हटने के बाद माना जा रहा है कि तीनों फॉर्मेट में ऋषभ पंत बतौर विकेटकीपर पहली पसंद होंगे। वहीं ऋद्धिमान साहा विकेटकीपर के रूप में दूसरी पसंद हो सकते हैं। रविवार को एमएसके प्रसाद की अध्यक्षता वाली चयन समिति मुंबई में बैठक करेगी जिसमें वेस्ट इंडीज दौरे के लिए भारतीय टीम का चनय होगा। टीम इंडिया तीन अगस्त से वेस्टइंडीज दौरा शुरू करेगी। भारत को इस दौरान तीन टी-20 इंटरनेशनल, तीन वनडे और दो टेस्ट मैच खेलने हैं। वेस्टइंडीज दौरे के लिए टीम इंडिया का चयन कल यानी रविवार को किया जाएगा। वहीं, धोनी के रिटायरमेंट पर अब तक बीसीसीआई की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है, लेकिन केशव बनर्जी का मानना है कि इस बारे में जल्द ही फैसला लिया जाना चाहिए।

# इंस्टाग्राम पर इंसानी खोपड़ियों की भी सेल, खरीदनेवालों की अच्छी संख्या



**लंदन।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए बहुत से लोग अपने प्रॉडक्ट्स बेचते हैं। द सन में प्रकाशित खबर के अनुसार इंस्टाग्राम पर एक अकाउंट ऐसा है जहां इंसानी खोपड़ियों की सेल लगती है। इन इंसानी खोपड़ियों को खरीदने के लिए भी बड़ी मात्रा में ग्राहक मिल रहे हैं। वैज्ञानिक परीक्षण से लेकर मेडिकल की पढ़ाई के लिए इनको खरीदा जा रहा है।

बता दें कि यूनाइटेड किंगडम में इंसानी शरीर की हड्डियों और खोपड़ियों को बेचने पर कोई रोक नहीं है। इंसानी खोपड़ियों को बेचने के लिए हैशटैगस और #skeleton आदि का प्रयोग किया जाता है। खोपड़ी और हड्डियों की कीमत भी कॉमेंट सेक्शन में दी जाती है। इस अकाउंट पर नियमित आनेवालों के लिए तो यह आम बात है, लेकिन कोई अनजाना शख्स पहुंच जाए तो उसे मुश्किल होगी।

### हजारों में हैं इन इंस्टाग्राम अकाउंट के फॉलोअर्स

आम तौर पर खरीदार अपने विक्रेता को पर्सनल मेसेज करते हैं। दोनों के बीच डील होती है जिसमें शिपिंग और पैकेजिंग जैसे चार्ज भी शामिल होते हैं। स्टॉकहॉम यूनिवर्सिटी की 2017 में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार, 46,000 पाउंड के लगभग का यूके में यह बिजनस है जो साल दर साल बढ़ भी रहा है।

एक अन्य स्वतंत्र रिसर्चर का दावा है कि असल आंकड़ा इससे भी अधिक है। रिपोर्ट्स के अनुसार, ज्यादातर हड्डियों-खोपड़ियों आदि की खरीदारी रिसर्च, मेडिकल साइंस आदि के लिए की जाती है। जीव विज्ञान और मानव शरीर के अध्येता भी इनकी खरीदारी करते हैं।

## आज का राशिफल

मेषः- आज का दिन आपके लिए चुनौतीपूर्ण हो सकता है। बड़ी मात्रा में धन की प्राप्ति हो सकती है। व्यावसायिक योजनाओं को गति मिलेगी।

वृषभः- राशि का स्वामी शुक्र तृतीय पराक्रम भाव में होने से शुभ हो गया है। राजनीतिक प्रतिद्वन्दी आज आपसे आगे निकलने का प्रयास करेंगे।

मिथुनः- आज का दिन आपके लिए सामान्य है। बौद्धिक तथा व्यावसायिक क्षेत्र में सफलता कारक है।

कर्कः- आज शुभ कार्यों में आपकी दिलचस्पी बढ़ेगी। आपके द्वारा लिया गया निर्णय आगे लाभप्रद रहेगा। जनसंपर्क में वृद्धि होने से आप प्रफुल्लित रहेंगे।

सिंहः- आज आपका भाग्य हर काम में आपका साथ देगा। विरोधियों का षड़यंत्र असफल रहेगा। सांसारिक सुख भोग के साधनों पर शुभ व्यय होने से मन में हर्ष होगा।

कन्याः- वृद्धजनों की सेवा तथा पुण्य कार्यों पर धन व्यय होने से मन में हर्ष रहेगा। प्रतिद्वंदियों के लिए आप सिरदर्द बने रहेंगे। दाम्पत्य जीवन में सुखद स्थिति रहेगी।

तुलाः- अत्यधिक श्रम करने पर आय कम और व्यय अधिक हो सकता है। गुप्त शत्रु सक्रिय रहेंगे, व्यर्थ की भागदौड़ पारिवारिक अशांति विशेष रूप से रहेगी।

वृश्चिकः- कोई महत्वपूर्ण व्यावसायिक रिसर्च आपके पक्ष में फाइनल हो सकता है। यदि आप आज अपनी बात दूसरों तक पहुंचाने में कामयाब हो जाएं तो आने वाले दिनों में आपसे वरिष्ठ व्यक्ति भी आपकी प्रशंसा करेंगे।

धनुः- प्रतिस्पर्धा के क्षेत्र में आगे बढ़ेंगे, रूका हुआ कार्य भी सम्पन्न होगा। कार्यक्षेत्र में बहुत आज अच्छे परिणाम मिलेंगे।

मकरः- आज सत्पुरूषों के मिलने से मन में प्रसन्नता होगी। उच्चाधिकारियों की कृपा से भूमि-जायदाद संबंधी विवाद का समाधान भी हो जाएगा।

कुंभः- कहीं से कमा कमाया धन मिलने का योग है। किसी वृद्ध महिला का आशीर्वाद मिलने से उन्नति के विशेष अवसर प्राप्त होंगे। बहुत समय से भाई बंधुओं से चला आ रहा विवाद सुलझ जाएगा।

मीनः- आज पूरे दिन आय के नए स्रोत सामने आएंगे। विरोधपक्ष पराजित होगा। आपके भाग्य का सितारा फिर से चमकने लगेगा। व्यवसाय में अधिक धन लगाना लाभकारक रहेगा।

# 'सेव पूरी' बनाने की विधि ...

भारत को अपने स्ट्रीट फूड्स के लिए जाना जाता हैं।यहां लोग खाने के बहुत शौक़ीन हैं।ऐसे में वो खाने के लिए कभी मना नहीं करते।खाने की बात करें तो इनमें सबसे ऊपर नाम आता हैं सेव पूरी का।जी हाँ,हिंदुस्तानमें सभी को सेव पूरी खाना बहुत पसंद हैं।यहाँ तक की भोजन के बाद भी भर प्लेट सेव पूरी का मजा ले सकते हैं।



### आवश्यक सामग्रीः

- 6 पूरी, - एक छोटी कटोरी सेव, - 1 आलू (उबला हुआ), - 6 बड़ा चम्मच हरी चटनी, - 6 छोटा चम्मच इमली की चटनी, - 2 प्याज (बारीक कटा हुआ), - 2 टमाटर (बारीक कटा हुआ), - 1 छोटा चम्मच लाल मिर्च पाउडर, - 1 छोटा चम्मच भुना जीरा पाउडर, - चुटकीभर चाट मसाला, - चुटकीभर काला नमक, - 1 छोटा चम्मच हरा धनिया

### बनाने की विधिः

- सबसे पहले एक प्लेट में सभी पूरियां रख लें। - हर एक पर सबसे पहले उबले आलू डालें। - आलू के बाद हरीवइमली की चटनी डालें। - ऊपर से थोड़ा-थोड़ा प्याजवटमाटर डालें। - जरा-जरा सा लाल मिर्च पाउडर, जीरा पाउडरवचाट मसाला सभी में छिड़कें। - इनके बाद काला नमक छिड़ककर ऊपर से सेव डालें। - सबसे आखिर में हरे धनिये से गार्निश कर सर्व करें।तैयार है सेव पूरी।

## शब्द सामर्थ्य- 31

**बाएं से दाएं :**
1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

**ऊपर से नीचे**
1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुसबात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नजदीक, समीप 21. सुबह, प्रातः, सबेरा।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | ■ | ■ | 3 | | |
| | ■ | | ■ | 4 | 5 | | ■ | ■ |
| 6 | 7 | | 8 | ■ | | ■ | ■ | 9 |
| ■ | 10 | | | ■ | 11 | 12 | 13 | |
| ■ | 14 | | ■ | 15 | | | | |
| 16 | | ■ | ■ | | ■ | ■ | | ■ |
| 17 | | | 18 | | ■ | 19 | | ■ |
| | ■ | ■ | | | 20 | ■ | ■ | 21 |
| 22 | | | | ■ | 23 | | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 30 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | भि | षे | क | ■ | प | स | ■ | ■ |
| जा | त | ■ | थ | प | थ | पा | ना | ■ |
| य | र | का | नी | ■ | भ्र | ■ | र | श्मि |
| ब | घा | र | ■ | क | ष्ट | प्र | द | ■ |
| ■ | त | ना | त | नी | ■ | र्व | ■ | ब |
| अ | ■ | मा | ■ | ज | मा | त | ■ | ल |
| स | जा | ■ | ■ | ■ | ■ | क | ज | रा |
| बा | ■ | बे | स | हा | रा | ■ | ग | म |
| ब | गु | ला | ■ | रा | ज | दू | त | ■ |

## सू-दोकू- 31

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | 4 | | | 7 | |
| | | 6 | 9 | | 2 | | | 1 |
| | 7 | | | 6 | | 8 | | 2 |
| 1 | | | | | | | 8 | |
| | 8 | | | 5 | | 2 | | 3 |
| 3 | | 2 | | | 4 | | 1 | |
| | 3 | | 2 | | | 4 | | |
| | | 8 | | 1 | 6 | | | 7 |
| 9 | | | 4 | | | | 2 | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र 30 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 6 | 8 | 2 | 5 | 4 | 7 | 1 |
| 8 | 2 | 5 | 1 | 7 | 4 | 6 | 3 | 9 |
| 7 | 1 | 4 | 6 | 9 | 3 | | 2 | 5 |
| 1 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 8 | 5 | 4 |
| 2 | 6 | 7 | 5 | 4 | 8 | 1 | 9 | 3 |
| 5 | 4 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 6 |
| 6 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 5 | 1 | 8 |
| 9 | 5 | 1 | 7 | 8 | 6 | 3 | 4 | 2 |
| 4 | 3 | 8 | 2 | 5 | 1 | 9 | 6 | 7 |